# जिलाधिकारी व नगर आयुक्त ने किया ध्वाजारोहण

## अमृत महोत्सव के तहत शहीद पार्क में कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहाँपुर, एक संदेश ब्यूरो।** 75वें स्वतंत्रता दिवस के पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट पर और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर निगम कार्यालय पर ध्वजारोहण में किया। 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण किया , इस अवसर पर नगर निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरान्त नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० वीरेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार तथा जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ते-लड़ते स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुये वीर सपूतों को याद कर नमन किया और शाहजहाँपुर को एक पवित्र भूमि बताया । नगर आयुक्त ने सभा में उपस्थित सभी लोगों से अपने-अपने कार्य क्षेत्र में रहकर सच्ची भावना से कार्य करने की अपील की ।कार्यक्रम में उपस्थित सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये । इसके उपरांत जिला प्रशासन एवं नगर निगम की ओर से 75वें स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में स्वतंत्रता संग्राम पर शहीद पार्क में किस्सागोई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 75वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी व देश की आजादी के लिये अपने बलिदान देने वाले वीर सपूतों को याद कर नमन किया । जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने सम्बोधन में देश की आजादी के लिये शहीद हुये वीर सपूतों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की



। गुरुनानक पाठशाला के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आयोजित किस्सागोई कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हिमांशु बाजपेई द्वारा "दास्तान-ए-तमन्ना-ए-सरफरोशी पर आधारित किस्सागोई का देश की आजादी के लिये जनपद के शहीद हुये वीर सपूतों- अशफाक उल्ला खाँ, ठाकुर रोशन सिंह, पं० रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके द्वारा किये बलिदान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया । कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ० इन्दु अजनबी ने किया। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष डी०पी०एस० राठौर, डीएम इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस० आनन्द, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी रामसेवक द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार एवं नगर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शाहजहाँपुर, एक संदेश ब्यूरो।** एस०एस० लॉ कालेज में 75 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता मनेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती ने प्रसन्नता व्यक्त की कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। ऐसे समय हमें संकल्प लेना होगा कि हम अपने बीच में पं० राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान, चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, जदुनाथ सिंह जैसे वीरों को पैदा करें। वरिष्ठ अधिवक्ता मनेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि यह पर्व भारतीयों के लिए अत्यंत पवित्र है। स्वतन्त्रता के लिए जिन असंख्य वीरों ने अपनी कुर्बानी दी, उनके बलिदान को हमें व्यर्थ ना जाने दिया जाना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० जयशंकर ओझा ने आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्रवक्ता हरिनाम सिंह यादव ने संचालन किया इस अवसर पर अतिथि के रूप में एस०एस० पी०जी० कालेज के प्राचार्य डॉ० अनुराग अग्रवाल, डॉ० मीना शर्मा, डॉ० प्रभात शुक्ला, डॉ० आदर्श पाण्डेय, डॉ० शालीन सिंह, ओम सिंह डॉ० अखिल कुमार, पवन कुमार गुप्ता, जगदीश चन्द्र सिंह, अरविन्द कुमार, सचिन कुमार, डॉ० प्रेम सागर, डॉ० रघुवीर सिंह, आलोक यादव, मुकुल शुक्ला, डॉ० दीप्ति गंगवार, अमरेन्द्र सिंह,अमित यादव,गौरव गुप्ता, अमित सैनी, अमित सिंह, सुशील चौहान, शिव ओम शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, रोहित कुमार, भानु, सतीश आदि मौजूद रहे।